# हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की हुई थी विजय

## संगोष्ठी में हुकुमचंद सांवला ने कहा : वास्तविक इतिहास को सामने लाना बहुत जरूरी...





**धार।** हल्दीघाटी युद्ध के 450 वर्ष पूरे होने के अवसर पर रविवार रात त्रिमूर्ति नगर स्थित जेएमडी पैलेस में 'हल्दीघाटी का सत्य-450 वर्ष' विषय पर विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता हुकुमचंद सांवला ने हल्दीघाटी युद्ध के इतिहास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उपलब्ध ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर इस युद्ध में महाराणा प्रताप की विजय हुई थी। उन्होंने कहा कि हल्दीघाटी की माटी भारतीय स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और मातृभूमि की रक्षा के अदम्य संकल्प की गवाही देती है।

सांवला ने कहा कि अब तक जिस इतिहास को समाज के सामने रखा गया, उसमें अकबर का महिमामंडन किया गया, जबकि तत्कालीन अभिलेखों, ताम्रपत्रों, पट्टों और भौगोलिक परिस्थितियों के विश्लेषण से हल्दीघाटी युद्ध का दूसरा पक्ष सामने आता है।

उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक साक्ष्यों से यह स्पष्ट होता है कि महाराणा प्रताप ने अकबर की विशाल सेना का सामना करते हुए उसके छक्के छुड़ा दिए थे और विजयश्री महाराणा प्रताप को ही प्राप्त हुई थी।

उन्होंने कहा कि हल्दीघाटी का युद्ध केवल दो सेनाओं के बीच हुआ एक ऐतिहासिक संघर्ष नहीं था, बल्कि यह भारतीय स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष का अमर प्रतीक है। महाराणा प्रताप का जीवन और उनका संघर्ष आज भी समाज और विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सांवला ने कहा कि इतिहास के वास्तविक तथ्यों को सामने लाने और उन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र सिंह चौहान ने की। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणापुंज है। इतिहास के पुनर्लेखन और वास्तविक तथ्यों को सामने लाने के ऐसे प्रयास निरंतर होते रहने चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी अपने वास्तविक नायकों और उनकी शौर्यगाथा पर गर्व कर सके।

> विशेष अतिथि हरिराम जी कपासिया ने हल्दीघाटी युद्ध के 450 वर्ष के संदर्भ में राष्ट्रीय चेतना और राष्ट्रभक्ति को मजबूत करने पर बल दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का साफा, शॉल, स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। चिरंजीव सेंगर ने राष्ट्रभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता अश्विनी के. जोशी ने किया। अंत में तृप्ति जायसवाल ने आभार व्यक्त किया। सिद्धि जी द्वारा प्रस्तुत सामूहिक राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। जानकारी समिति के सचिव सिद्धार्थ जैन ने दी ।

# कबड्डी मैट के लिए छात्रों ने एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष को सौंपा आवेदन

**बाग। बालक छात्रावास बाग के कबड्डी खेल प्रेमी बच्चों ने आज 23 अगस्त 2026 को कबड्डी मैट उपलब्ध कराने की मांग को लेकर एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष सूरज गेहलोत (मंत्री) को आवेदन सौंपा।**



बच्चों ने बताया कि वे कबड्डी खेलना चाहते हैं और बेहतर अभ्यास के लिए कबड्डी मैट की आवश्यकता है। बच्चों की मांग को गंभीरता से लेते हुए एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष सूरज गेहलोत (मंत्री) ने कहा कि हमारे क्षेत्र के विधायक उमंग सिंघार जो कहते हैं, उसे करके दिखाते हैं।

उन्होंने क्षेत्र विधायक उमंग सिंघार की ओर से बालक छात्रावास के बच्चों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि जल्द ही विधायक की ओर से बच्चों को कबड्डी मैट उपलब्ध कराई जाएगी। कबड्डी मैट मिलने से छात्रावास के बच्चों को सुरक्षित एवं बेहतर तरीके से अभ्यास करने का अवसर मिलेगा और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। साथ ही गेहलोत ने यह भी बताया नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार छात्र-छात्राओं के लिए हरदम प्रयासरत रहते हैं। खेल प्रेमी युवाओं पर उनका विशेष ध्यान रहता वर्षभर कहीं टूर्नामेंट क्रिकेट के करवाकर उनका होंसला बढ़ाने के साथ उनकी प्रतिभा को भी निखारते हैं बच्चों ने भी उम्मीद जताई कि उनकी मांग जल्द पूरी होगी।

## रचनाकार त्रिवेणी का आजादी, स्नेह, भक्ति पर आयोजन

**इंदौर.** सखी द्रोपदी तुम प्रतिशोध लेना चाहती थीं न इसीलिए युद्ध हुआ. कृष्ण-द्रोपदी के भावपूर्ण संवाद रचनाकार त्रिवेणी के पर्वोत्सव समारोह में हुए. हिन्दी साहित्य समिति में तीन त्यौहारों का मिलाजुला सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ. मुख्य अतिथि अनुप्रिया देवताले ने कहा त्योहारों का पावन संगम हमारी आस्था, संस्कृति, एकता को दर्शाता है. अध्यक्ष मीनाक्षी पुराणिक ने कहा रचनाकारों द्वारा नवाचारों को अभिव्यक्त करना उनकी सोच को समृद्ध करता है. कार्यक्रम में डॉ अल्पना आर्य ने मेडले गीतों का संयोजन अंजना मिश्रा, सपना जैन, अरुणा सराफ के साथ किया. डॉ अर्चना श्रीवास्तव, सुधा चौहान, मनीषा अग्रवाल ने कुवेली बाई, मूलमती, गुलाब कौर जैसी विस्तृत वीरांगनाओं को सजीव किया. डॉ ऋषिना नातू द्वारा निर्देशित कृष्णायन में कृष्ण के गांधारी, यशोदा, दुर्योधन, द्रोपदी,बर्बरीक, अर्जुन, राधा से संवादों की भावपूर्ण प्रस्तुति हुई.

# अस्पताल में इलाज के बीच फेयरवेल पार्टी, डॉक्टर-स्टाफ ने लगाए ठुमके

**सरदारपुर। सरदारपुर नगर के सिविल अस्पताल में मरीजों का इलाज चल रहा था और अस्पताल परिसर के हॉल में डॉक्टर-स्टाफ फेयरवेल पार्टी में ठुमके लगा रहे थे। एक डॉक्टर के तबादले पर आयोजित कार्यक्रम का वीडियो सामने आने के बाद अस्पताल प्रबंधन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। वीडियो में डॉक्टर और कर्मचारी तेज संगीत पर डांस करते नजर आ रहे हैं।**




जानकारी के अनुसार डॉ. सुनील सोलंकी का सरदारपुर से झाबुआ जिले के झकनावदा तबादला होने पर फेयरवेल पार्टी अस्पताल परिसर के हॉल में की गई। कार्यक्रम के दौरान आसपास मरीज भर्ती थे और उनका उपचार चल रहा था। इसके बावजूद तेज संगीत के बीच पार्टी चलती रही। कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला सामने आया।

**गंभीर मामला, होगी जांच**

अस्पताल परिसर में इस तरह का आयोजन हुआ है तो यह गंभीर विषय है। मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर नियमों के अनुसार कार्रवाई होगी।- **डॉ. अनीता सिंगारे, सीएमएचओ, धार**

## एक नजर में

## संबल योजना में 203 करोड़ की राशि वितरित



**धार।** मुख्यमंत्री निवास, भोपाल से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) 2.0 योजना के अंतर्गत प्रदेश के 9 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के बैंक खातों में सीधे सिंगल क्लिक के माध्यम से 203 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि का ऑनलाइन अंतरण किया। इस राज्य स्तरीय जन-कल्याणकारी वितरण के तहत धार जिले के कुल 340 हितग्राहियों को 7.58 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत कर उनके खातों में पहुंचाई गई है। इस अवसर पर शासन की इस महत्वपूर्ण योजना पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि संबल योजना संकट की घड़ी में प्रदेश के असंगठित श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच साबित हो रही है। इस आर्थिक सहायता से श्रमिक परिवारों को संबल और संबलता मिलेगी, जिससे वे अपने जीवन की कठिनाइयों का सामना बेहतर ढंग से कर सकें। सरकार की इस पहल से धार जिले के श्रमिक वर्ग में अभूतपूर्व हर्ष व्याप्त है। इस दौरान जिले के एनआईसी वीसी रूम से अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश वर्मा, श्रम अधिकारी पुलकित और हितग्राही उपस्थित रहे।

## गीत-संगीत, नृत्य नाटिका की प्रस्तुति

**इंदौर.** लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233जी-1 द्वारा स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर एक शाम देश के नाम आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत-संगीत, नृत्य नाटिका की प्रस्तुति डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जय प्रकाश त्रिपाठी के मुख्य आथित्य में दी गई. लायन दिनेश रणधर इमेज बिल्डिंग चेयरपर्सन ने बताया कि कार्यक्रम में बालक बालिकाओं ने देशभक्ति के गीतों पर नृत्य, लायन सदस्यों ने प्रभावशाली नाटिका और गीतों की प्रभावशाली मनोरंजक प्रस्तुत दी.

# आस्था के साथ जागरण का शंखनाद

## कांवड़ यात्रा ने दिया हिन्दू समाज को संगठित होने का संदेश

**डही। श्रावण मास के पावन अवसर पर ग्राम छाछकुआं स्थित दत्त आश्रम से मां नर्मदा कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व विधि-विधान से माँ नर्मदा की आरती की गई, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं ने नर्मदा जल लेकर डही के ओर प्रस्थान किया।**



यात्रा में महिला-पुरुषों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कई श्रद्धालुओं ने नंगे पांव पदयात्रा कर अपनी आस्था प्रकट की। यात्रा का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ हिन्दू समाज को जोड़ना, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश देना रहा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुक्षी खंड के ग्राम विकास सह-संयोजक रतनसिंह चोंगड़े, कड़माल ने बौद्धिक के माध्यम से श्रावण मास, कांवड़ यात्रा और भगवान शिव की आराधना के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का विशेष काल है। मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन से निकले हलाहल विष को भगवान शिव ने धारण कर सृष्टि की रक्षा की, इसलिए शिवलिंग पर जल अर्पित करने की परंपरा श्रद्धा से जुड़ी है।

बौद्धिक में धर्मांतरण की चुनौती पर चिंता व्यक्त करते हुए समाज को अपनी धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान के प्रति जागरूक रहने तथा वनवासी बंधुओं के बीच सेवा, संवाद और सामाजिक सहभागिता बढ़ाने का आह्वान किया गया। साथ ही आने वाली पीढ़ी को भी अपनी आस्था, संस्कृति, परंपराओं और सनातन मूल्यों से परिचित कराते हुए इन्हें आगे बढ़ाने की सीख देने का आग्रह किया गया।

उन्होंने आदिवासी समाज की प्रकृति एवं परंपराओं से जुड़ी आस्था का उल्लेख करते हुए समाज में जागरूकता और एकजुटता की आवश्यकता बताई।

### मां नर्मदा के पवित्र जल से किया भगवान नीलकंठेश्वर का अभिषेक

शाम करीब 4 बजे कांवड़ यात्रा का डही नगर में प्रवेश हुआ। नगर भ्रमण करते हुए यात्रा प्राचीन श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां कांवड़ियों ने मां नर्मदा के पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ यात्रियों का भव्य स्वागत किया। छाछकुआं से डही के बीच मार्ग में आने वाले ग्रामों के ग्रामीणों ने भी अपनी ओर से जलपान, अल्पाहार एवं चाय की व्यवस्था कर कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया। यात्रा के समापन अवसर पर माहेश्वरी धर्मशाला में समरसता भोज आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने सहभागी होकर सामाजिक समरसता एवं एकता का संदेश दिया। इस प्रकार माँ नर्मदा कांवड़ यात्रा धार्मिक आस्था के साथ हिन्दू समाज को जोड़ने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का माध्यम बनी।

# बखतगढ़ में जुए के अड्डे पर पुलिस की दबिश, 9 गिरफ्तार

**बदनावर।** ग्राम बखतगढ़ में जुआ खेले जाने की सूचना पर बदनावर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक मकान पर दबिश दी। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि कैलाश गुर्जर के घर पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई।



कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से नौ लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा। इनमें राकेश राठौर और राहुल पाटीदार निवासी कोद, कैलाश गुर्जर, दिलीप औरा, सुरेश राठौर व गोपाल जैन निवासी बखतगढ़ तथा अफरोज खान, मुसव्वीर खान और फिरोज खान निवासी बड़नगर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 14 हजार 800 रुपए नकद और ताश की गड्डी जब्त की है।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। कार्रवाई में एएसआई चंद्रपाल सिंह राजावत, आरक्षक सचिन जाट, धर्मेन्द्र सिंह, सुभाष पाटीदार, रवि जाट एवं चालक पवन मोटा का विशेष योगदान रहा।

# मेधावी जनजातीय छात्रों का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**धार।** जनजाति विकास मंच धार एवं तिरला ब्लॉक के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन धार स्थित पीजी कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में धार एवं तिरला विकासखंड की विभिन्न शासकीय हाईस्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन, आयोजन एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी जनजाति विकास मंच के जिला युवा प्रमुख श्री प्रकाश जी सोलंकी के नेतृत्व एवं दिशा-निर्देशन में रही। उनके मार्गदर्शन में धार एवं तिरला ब्लॉक के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा, भारत माता एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया।



# भागवत कथा हमें परमात्मा से जुड़ना सिखाती है...

**धार।** भागवत का सम्बन्ध जीवन में तब तक स्थापित नहीं हो सकता है जब तक किसी गुरु की हम पर कृपा न हो । जीव अपने अहंकार को मिटाता है तब वह श्रेष्ठ भक्त बन पाता है । श्रेष्ठ भक्त बनने के लिए परमात्मा के प्रति समर्पण एवं श्रद्धा की जरूरत होती है । भागवत का सानिध्य हमें सम्बन्ध बनाना सिखाता है । सम्बन्ध बनाना है तो परमात्मा से बनाओ। परमात्मा से प्रेम झुकना सिखाता है। इस ब्रह्माण्ड में ठाकुरजी किसी से प्रेम करते हैं तो सिर्फ अपने भक्त से प्रेम करते हैं। कारण, परमात्मा ही विपरीत परिस्थितियों में अपने भक्त को सहारा प्रदान करता है। ये उद्गार सिंघल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस पर व्यास पीठ से आचार्य आदित्यजी गोस्वामी ने व्यक्त किए।



कथा शुभारंभ पर मनोरथी परिवार गोवर्धन लाल चुन्नी लाल एवं कस्तुरचंद गट्टूलाल अग्रवाल द्वारा व्यास पीठ का पूजन किया गया। साथ दिवसीय इस ज्ञान यज्ञ की व्यवस्था के सुंदर संचालन में राजेंद्र अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, पराग अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, वंश, हर्षित, संजय अग्रवाल का सराहनीय योगदान रहा। यह जानकारी समिति की ओर से मुरलीधर अग्रवाल ने दी ।

एक नजर में — इंजीनियर अशोक चन्द्र जोशी की दो पुस्तकों का किया विमोचन

# कविता सिर्फ शब्द समूह नहीं, दिल की गहराइयों से निकलने वाली अनुभूति : तिवारी

नवभारत न्यूज

**धार। साहित्यक संस्था बावीसा ब्राह्मण प्रतिभा मंच के वरिष्ठ सदस्य इंजीनियर अशोक चन्द्र जोशी की दो पुस्तकें अनुरोध भावों की सरिता, आशीर्वाद का वरदहस्त (काव्य संग्रह) का विमोचन धार के मिलन गार्डन में रविवार को सम्पन्न हुआ।**




कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ.स्वाति तिवारी, विशिष्ठ अतिथि साहित्यकार सुषमा व्यास राजनिधि, चर्चाकार लेखक जयंत जोशी, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय कवि डॉ. संदीप शर्मा रहे। इस गरिमामय कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार रमेशचन्द्र शर्मा ने की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ.स्वाति तिवारी ने कहा कि कविता केवल शब्दों का समूह नहीं, बल्कि दिल की गहराइयों से निकलने वाली अनुभूति है। जब भावनाएं गद्य की सीमाओं को पार कर जाती हैं, तब कविता का जन्म होता है। इसलिए मेरा मानना है कि कविता लिखना दूसरी विधाओं से ज्यादा कठिन है क्योंकि यह कम शब्दों में बहुत बड़ा अर्थ समझाने का सबसे सशक्त माध्यम है। कविता कई बार वेश्विक चिंतन को हमारे सामने रख देती हैं .इस दृष्टि से अशोक दादा ने जो काम किया है वह बहुत ही श्रम साध्य और बेशकीमती है। दोनों संग्रह एक कवि का रचना संसार तो है ही पर उससे भी कहीं ज्यादा यह एक इंजीनियर की सोशल इंजीनियरिंग से निकला निचोड़ हैं।

> कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार श्री रमेशचन्द्र शर्मा ने कहा कि जोशी की काव्य यात्रा हमें सीख देती है कि-संघर्षों से जूझकर विजयी होना ही स्वयं की जीत है। इस अवसर पर पूर्व जनसम्पर्क संचालक और मीडियावाला के प्रधान संपादक सुरेश तिवारी, प्रसिद्ध पत्रकार और धार जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष छोटू शास्त्री, भोज शोध केन्द्र निर्देशक डॉ. दीपेन्द्र शर्मा, श्रीकांत मराठे, नितिन मुंशी, डॉ. अभिषेक वैद्य सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती वंदना अर्चना मराठे ने प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत अशोक चन्द्र जोशी, प्रदीप व्यास, दिलीप पांडे, विनोद पांडे, तनु पांडे, शिखा जोशी, मनीषा व्यास ने किया। कार्यक्रम में आदिगौड़ बावीसा ब्राह्मण समाज,धार बावीसा ब्राह्मण प्रतिभा मंच,वरिष्ठ बीसी ग्रुप, धार सहित विभिन्न संगठनों ने अशोकचन्द्र जोशी जी को सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. प्रणव श्रोत्रिय ने किया। आभार दिलीप पांडे ने व्यक्त किया।